# सीरिया के कई ठिकानों पर हमले



**वॉशिंगटन, 11 जनवरी. अमेरिका ने सीरिया में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए हैं. अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी.**

कमांड ने एक्स पर पोस्ट किया, दोपहर लगभग 12-30 बजे अमेरिकी सेंट्रल कमांड की सेनाओं ने सहयोगी सेनाओं के साथ मिलकर पूरे सीरिया में आईएस के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए. कमांड ने कहा कि ये हमले ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का हिस्सा थे, जिसे 13 दिसंबर को सीरिया के पल्मायरा में अमेरिका और सीरियाई सेनाओं पर हुए जानलेवा आईएस हमले के जवाब में 19 दिसंबर को शुरू किया गया था. हमले में आईएस के एक आतंकवादी ने घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो अमेरिकी सैनिक और अमेरिकी दुभाषिया नागरिक मारे गए. कमांड ने कहा कि ये हमले हमारे लड़ाकों के खिलाफ इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने, भविष्य में होने वाले हमलों को रोकने और इस इलाके में अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं की रक्षा करने के हमारे लगातार प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं.

### हमला हुआ तो अमेरिका-इजरायल निशाने पर

**तेहरान.** ईरान की मजलिस (संसद) के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर गालिबाफ ने कहा है कि अगर अमेरिका उनके देश पर हमला करता है तो वे भी इजरायल और अमेरिका दोनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिये तैयार हैं. श्री गालिबाफ ने एक आपातकालीन बैठक के दौरान कहा कि इजरायल और अमेरिका का सामना करने के अलावा ईरान आर्थिक, संज्ञानात्मक-मनोवैज्ञानिक और सैन्य-आतंकवाद के मोर्चे पर भी जंग लड़ रहा है. उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है, तो वह इजरायल और पूर्वी एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमला करेंगे. रिपोर्ट में कहा गया अगर अमेरिका हमारे ऊपर सैन्य हमला करता है तो उनके कब्जे के दोनों क्षेत्रों यानी इजरायल और अमेरिकी सैन्य-नौसेना ठिकाने हमारे निशाने पर आ जायेंगे. श्री गालिबाफ ने कहा हम खुद को कार्रवाई के बाद प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं मानते हैं. हम खतरे के किसी भी ठोस संकेत के आधार पर कार्रवाई करेंगे. इस संसदीय सत्र के दौरान सांसदों ने अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाये. यह घटना तब हुई जब अमेरिका बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर गाजा, सीरिया और ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर चर्चा की. इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका ईरान में प्रदर्शनकारियों की मदद करने के लिये तैयार है.

# विधायकों की विफलता को करें उजागर

**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया आह्वान**



**कोयंबटूर, 11 जनवरी. भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम विधायकों की कथित विफलताओं को स्थानीय स्तर पर उजागर करने का आह्वान किया.**

उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नकारात्मक जनमत तैयार करना तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन के लिए आवश्यक है. कोयंबटूर के दो दिवसीय दौरे पर आए श्री नबीन ने भाजपा बूथ समिति पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि निरंतर और संगठित प्रयासों से प्रशासनिक बदलाव संभव है. श्री नबीन ने द्रमुक सरकार की कथित विफलताओं पर ध्यान केंद्रित करने की अपील करते हुए कहा कि जनता वर्तमान प्रशासन से असंतुष्ट है और इन मुद्दों को मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने से भाजपा को चुनावों में मजबूती मिलेगी.

उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को तेज करने का आग्रह किया. इससे पहले दिन में श्री नबीन ने मरुधमलाई सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और पेरूर पटीश्वरर मंदिर में दर्शन-पूजन किया. बाद में उन्होंने वडवल्ली में आयोजित 'नम्मा ऊरु मोदी पोंगल' उत्सव में भाग लिया, जहां उन्होंने ओयिलट्टम और मयिलट्टम जैसे पारंपरिक नृत्य कार्यक्रमों में भी सहभागिता की. अपने भाषण में श्री नबीन ने कार्यकर्ताओं से सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने और सनातन धर्म एवं तमिल विरासत के विरोध में सक्रिय शक्तियों का मुकाबला करने का आह्वान किया.

## अमेरिका में छह की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**मिसिसिपी, 11 जनवरी.** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के क्ले काउंटी में एक सनकी हमलावर ने कहर बरपाते हुए अपने परिवार के कुछ सदस्यों और एक पादरी सहित छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी. शुक्रवार रात हुई इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. मूर के रूप में हुई है. शेरिफ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमले की शुरुआत एक घर से हुई, जहाँ डारिका मूर ने अपने पिता ग्लेन मूर (67), भाई क्रिंटन मूर (33) और चाचा विली एड गाइन्स (55) को गोलियों से भून दिया.

# सतीश पूनियां की पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ का हुआ विमोचन



**नई दिल्ली, 11 जनवरी. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दूसरे दिन रविवार को भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ के पांचवें संस्करण का विधिवत विमोचन किया गया.**

जयपुर स्थित वेरा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक वर्ष 2018 से 2023 तक उनके विधायक कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित है, जिसमें विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनहित से जुड़े मुद्दों और समकालीन राजनीतिक परिस्थितियों का तथ्यपरक विवरण दिया गया है. पुस्तक में डॉ. पूनियां द्वारा विधानसभा में उठाये गये महत्वपूर्ण विषयों जैसे धर्मांतरण के विरुद्ध प्रस्तुत निजी सदस्य विधेयक (प्राइवेट मेंबर बिल), युवाओं और किसानों से जुड़े सवाल, केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्य तथा तत्कालीन कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और आंतरिक अंतर्द्वंद्व का विस्तार से उल्लेख किया गया है.

## मादुरो का संदेश, मैं योद्धा और मजबूत हूं

**काराकस, 11 जनवरी.** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद अपने बेटे के माध्यम से संदेश भेजा है कि वे पूरी तरह से सुरक्षित और मजबूत हैं. उन्होंने अपने समर्थकों से एकजुट रहने और निराश न होने का आह्वान किया, जबकि कार्यवाहक राष्ट्रपति ने देश में स्थिरता बनाए रखने की बात कही. वेनेजुएला के सांसद निकोलस मादुरो ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने वकीलों के जरिये संदेश भेजा है. इसमें कहा गया है कि वह ठीक हैं और अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद मजबूत बने हुए हैं. श्री ग्वेरा ने कहा वकीलों ने हमें बताया कि वे मजबूत हैं और हमें उदास नहीं होना चाहिए.


# अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप

**वॉशिंगटन, 11 जनवरी. वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को लेकर एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है.**

प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका ने इस ऑपरेशन के दौरान एक शक्तिशाली 'सोनिक हथियार' का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिकों की हालत बिगड़ गई. कथित तौर पर सैनिकों की नाक से खून बहने लगा, कुछ लोगों को खून की उल्टियां हुईं और वे जमीन पर गिर पड़े. यह दावा व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा एक इंटरव्यू के बाद चर्चा में आया. इंटरव्यू में एक नाम न बताए गए सुरक्षा गार्ड ने खुद को उस रात ड्यूटी पर बताया, जब अमेरिकी बलों ने वेनेजुएला में कार्रवाई कर मादुरो को पकड़ा. लेविट ने पोस्ट में लिखा, रिपोर्ट के अनुसार, इंटरव्यू में सुरक्षा गार्ड ने बताया कि अचानक एक बेहद तेज ध्वनि तरंग महसूस हुई, जिससे सिर के अंदर विस्फोट जैसा दर्द हुआ. उसके अनुसार, हम सबकी नाक से खून बहने लगा. कुछ लोग खून की उल्टी करने लगे. हम जमीन पर गिर गए और हिल भी नहीं पा रहे थे.सुक्षाकर्मी ने बताया कि इस आवाज के बाद वे खड़े तक नहीं हो सके. इस दावे को कैलिफोर्निया स्थित संगठन 'रीबिल्ड कैलिफोर्निया' के उपाध्यक्ष माइक नेट्टर ने एक्स पर साझा किया था. उनका पोस्ट एक दिन में 1.5 करोड़ से अधिक बार देखा गया.

# सौर ज्वालाओं के प्रभाव से संचार पर खतरा

**आदित्य एल-1 ने किया महत्वपूर्ण अध्ययन**



**नई दिल्ली, 11 जनवरी. सूर्य के अति सक्रिय क्षेत्र से निकली सौर ज्वालाओं के कारण पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर देश की पहली सौर अंतरिक्ष वेधशाला आदित्य एल-1 ने महत्वपूर्ण अध्ययन किया है.**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि अक्टूबर 2024 में सूर्य के अशांत क्षेत्र से निकली प्रचंड सौर ज्वालाओं ने पृथ्वी के अंतरिक्ष को व्यापक रूप से प्रभावित किया था. उस घटना का आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक उपकरणों से गहराई से अध्ययन किया और व्यापक आंकड़े जुटाए. इस अध्ययन को अंतरराष्ट्रीय अभियानों के आंकड़ों के साथ मिलाकर तैयार किया गया, जो एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है.इसरो के अनुसार सौर प्लाज्मा विस्फोट जैसी अस्थायी गतिविधियां अंतरिक्ष मौसम को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं. ये घटनाएं पृथ्वी पर उपग्रहों, संचार एवं नेविगेशन सेवाओं और विद्युत ग्रिड अवसंरचना पर असर डालती हैं. अध्ययन में पाया गया कि सौर तूफान ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को अत्यधिक संकुचित कर दिया, जिससे भू-स्थिर कक्षा में मौजूद उपग्रह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आ गए. शोध में यह भी सामने आया कि सौर तूफान के दौरान ऑरोरल क्षेत्रों में विद्युत धाराएं तीव्र हो गईं, जिससे ऊपरी वायुमंडल गर्म होकर फैलने लगा. परिणामस्वरूप निचली कक्षा में उपग्रहों पर खिंचाव बढ़ा और उनकी ऊंचाई घटने लगी.

## एक नजर में



### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली ,11 जनवरी.** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन प्रमुख सोनिया गांधी को रविवार शाम सर गंगाराम अस्पताल से सेहत में सुधार होने के बाद छुट्टी मिल गयी. ठंड और दिल्ली प्रदूषण के कारण अस्थमा से जुड़े लक्षण बढ़ने पर श्रीमती गांधी को पांच जनवरी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में तेज़ी से हो रहे सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई है. ग़ौरतलब है कि श्रीमती गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था. पिछले कुछ महीनों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### इस्लामाबाद गैस सिलेंडर धमाका, आठ मृतक

**इस्लामाबाद, 11 जनवरी.** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक रिहायशी इमारत में गैस सिलेंडर फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है. इस घटना में 11 अन्य घायल हुये हैं. इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने रविवार को बताया कि विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार आज त ?के करीब दो बजे एक रिहायशी इमारत में हुआ, जहां शादी की रस्म चल रही थी. विस्फोट के कारण इलाके में दहशत फैल गयी. इसके कारण आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है. अधिकारी ने बताया, अब तक मलबे के नीचे फंसे 19 लोगों को बचाया गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बचाव अधिकारियों ने बताया कि धमाके से आसपास के कम से कम चार घर प्रभावित हुए हैं.

### डब्ल्यूसीएल का अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 11 जनवरी.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के नीलजाई उप क्षेत्र स्थित नाइगांव ओपन कास्ट खदान के प्रभारी फोरमैन को 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान दीपक जायसवाल के रूप में हुई है. सीबीआई ने कहा कि उसने आरोपियों के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर नौ जनवरी को मामला दर्ज किया था. सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, यह मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता (जो स्वयं भी डब्ल्यूसीएल कर्मचारी है) के माध्यम से दो डब्ल्यूसीएल कर्मचारियों के आपसी तबादले में सुविधा प्रदान करने के लिए 50,000 रुपये (प्रत्येक 25,000 रुपये) की रिश्वत की मांग की थी. उन कर्मचारियों में से एक शिकायतकर्ता का रिश्तेदार था.

# नीतीश ने गोलघर परिसर का लिया जायजा

## सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के लिए दिए निर्देश



**पटना, 11 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गोलघर परिसर का भ्रमण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका सौंदर्गीकरण एवं इसके रखरखाव को अच्छे ढंग से कराएं जिससे यह देखने में मनोरम लगे.**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया. श्री कुमार ने भ्रमण के दौरान गोलघर परिसर पार्क, गोलघर के स्ट्रक्चर की स्थिति, लाइट एंड साउंड एवं लेजर शो आदि का जायजा लिया. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि गोलघर एक ऐतिहासिक धरोहर है, काफी संख्या में लोग इसे देखने आते हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि गोलघर परिसर के सौंदर्गीकरण एवं इसके रखरखाव को अच्छे ढंग से कराएं जिससे यह देखने में मनोरम लगे. वर्ष 2013 में यहाँ शुरू किए गए लाइट एंड साउंड तथा लेजर शो का नियमित रूप से संचालन हो, इससे लोगों को इतिहास के संबंध में जनकारी प्राप्त होगी.

उन्होंने कहा कि गोलघर की ऐतिहासिक महत्ता से यहां आनेवाले लोग अवगत हो सकें, इसके लिए यहां डिस्प्ले बोर्ड भी लगाकर प्रदर्शित करायें. गोलघर वास्तु कला का एक अदभुत नमूना है इसलिए इसके स्ट्रक्चर के रखरखाव का विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि इसे और बेहतर तरीके से संरक्षित किया जा सके. भ्रमण के दौरान जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित सहत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

## इंडियन आइडल विजेता प्रशांत तमांग का निधन

**नई दिल्ली.** भारतीय मनोरंजन जगत के लिए यह रविवार बेहद दुखद खबर लेकर आया, जब 'इंडियन आइडल 3' के विजेता और लोकप्रिय गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का 43 वर्ष की उम्र में अचानक निधन हो गया. उनकी असमय मौत की खबर से पूरी इंडस्ट्री, उनके प्रशंसक और संगीत प्रेमी सदमे में हैं. बताया जा रहा है कि उन्हें दिल्ली के जनकपुरी स्थित अपने आवास पर कार्डियक अरेस्ट आया, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके. प्रशांत तमांग एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने संघर्ष से सफलता तक का सफर तय कर लाखों युवाओं को प्रेरित किया.

# शास्त्री जी की राष्ट्रसेवा और उनके आदर्श सदैव प्रेरणा देते रहेंगे

**लाल बहादुर जी की पुण्यतिथि पर अरविंद केजरीवाल ने किया नमन**



**नई दिल्ली, 11 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है.**

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन. सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के उनके आदर्श सदैव देश को प्रेरणा देते रहेंगे. अपने संदेश में केजरीवाल ने शास्त्री जी के जीवन मूल्यों और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सादगी और ईमानदारी आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है. लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे और उन्होंने अपने छोटे लेकिन प्रभावशाली कार्यकाल में सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति की मिसाल कायम की थी.

# मचाडो ट्रंप को नोबेल नहीं दे सकती



**वॉशिंगटन, 11 जनवरी. नॉर्वेजियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने साफ कर दिया है कि 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो अपना पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न तो दे सकती हैं और न ही उनके साथ साझा कर सकती हैं.**

यह बयान मचाडो के उस इंटरव्यू के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह यह पुरस्कार ट्रंप के साथ साझा करना चाहेंगी. नोबेल इंस्टिट्यूट ने कहा कि एक बार नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद उसे न बदला जा सकता है, न किसी और को सौंपा जा सकता है और न ही साझा किया जा सकता है. संस्थान के अनुसार, यह फैसला अंतिम होता है और इसमें कोई बदलाव संभव नहीं है. दरअसल, मचाडो ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वेनेजुएला की जनता मानती है कि यह पुरस्कार उनके संघर्ष का प्रतीक है और वह इसे ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगे, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कार्रवाई में भूमिका निभाई है.

# 'बदला' शब्द ताकत बन सकता है : डोभाल



**नई दिल्ली, 11 जनवरी. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने खुलासा किया है कि वह निजी संचार के लिए आमतौर पर मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करते.**

दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि कम्युनिकेशन के ऐसे कई तरीके मौजूद हैं, जिनकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती. उन्होंने युवाओं से देश को हर क्षेत्र में मजबूत बनाने का आह्वान भी किया. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने रविवार को कहा कि वह निजी जरूरतों के लिए मोबाइल फोन और इंटरनेट से दूरी बनाए रखते हैं. 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' कार्यक्रम में युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर वह न तो फोन का इस्तेमाल करते हैं और न ही इंटरनेट का, हालांकि कभी-कभार विदेश में संपर्क करने के लिए इनका सहारा लेना पड़ता है. डोभाल ने कहा कि संचार के ऐसे कई अन्य माध्यम भी हैं, जिनकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती. कार्यक्रम में देशभर से करीब तीन हजार युवा प्रतिनिधि शामिल हुए. अपने संबोधन में डोभाल ने युवाओं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि वे आजाद भारत में जन्मे हैं, जबकि उनका जन्म गुलाम भारत में हुआ था. उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी जैसे नेताओं के संघर्षों के कारण ही देश आज़ाद हो सका. डोभाल ने कहा कि भारत को केवल सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, सामाजिक विकास और हर क्षेत्र में खुद को मजबूत करना होगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही 'बदला' शब्द सकारात्मक न लगे, लेकिन यह ताकत बन सकता है, अगर इसका इस्तेमाल देश को मजबूत बनाने के लिए किया जाए.

## आज का इतिहास

- 1708 – शाहू को मराठा शासक बनाया गया।
- 1757 – पश्चिम बंगाल के बंदेल को ब्रिटिश शासकों ने पुर्तगालियों से छीना।
- 1863 – स्वामी विवेकानंद का जन्म।
- 1931– पाकिस्तान के मशहूर उर्दू शायर अहमद फराज का जन्म।
- 1934– भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारी सूर्यसेन को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया।
- 1976– जासूसी उपन्यासों की मशहूर लेखिका अगाथा क्रिस्टी का निधन।

**पुण्यतिथि** | **नेताओं ने याद किया 'जय जवान, जय किसान' का दिया मंत्र**

# पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी को देश ने किया नमन

**नई दिल्ली 11 जनवरी. देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली सोच को स्मरण किया.**

'जय जवान, जय किसान' का उनका नारा आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है. देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को देशभर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई. राजनीतिक दलों के नेताओं, ने शास्त्री जी को नमन किया.



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि संकट के समय 'जय जवान, जय किसान' का उद्घोष कर शास्त्री जी ने देश की सुरक्षा और स्वावलंबन के बीच अद्भुत संतुलन स्थापित किया. उन्होंने 1965 के युद्ध में शास्त्री जी के नेतृत्व को भारत की विजय का आधार बताया.



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शास्त्री जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शास्त्री जी के सादगीपूर्ण और देशभक्ति से परिपूर्ण नेतृत्व को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया.



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने शास्त्री जी को सादगी, शुचिता और सत्यनिष्ठा का अद्वितीय प्रतीक बताया और कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है.



**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी** ने शास्त्री जी को ईमानदारी और नैतिक मूल्यों की मिसाल बताया. लाल बहादुर शास्त्री का जीवन आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है. उनका दिया हुआ संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था.

## 9 करोड़ 71 लाख का प्रतिबंधित तंबाकू जब्त

**नासिक.** महाराष्ट्र के नासिक जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) के एक विशेष निरीक्षण दस्ते ने लगभग 9.71 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू और गुटखा जब्त कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 11 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं. जब्त किए गए सामान की कीमत लगभग 9 करोड़ 71 लाख, 2 हज़ार 3 सौ पैंसठ (9,71,02,365 ) रुपये है. यह कार्रवाई नासिक क्षेत्रीय संयुक्त आयुक्त (खाद्य) मनीष सनाप और विशेष दल के प्रमुख यदुराई दहातोंडे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम द्वारा की गयी. दल में सहायक आयुक्त (खाद्य) भंडारा, और अधिकारी गजानन गोरे, अशोक इलागर शामिल थे.

# एनबीसीसी को एमओयू में उत्कृष्ट रेटिंग

**एमओयू 2024-25 में एनबीसीसी ने दिखाया श्रेष्ठ प्रदर्शन**




**नई दिल्ली, 11 दिसंबर. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आने वाली नवरत्न सीपीएसई, एनबीसीसी (इंडिया) ने अपने एमओयू मूल्यांकन वर्ष 2024-25 में 97.58 अंकों के साथ 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त की है.**

यह उपलब्धि परियोजना निष्पादन, संधारणीयता कार्य पद्धतियों और निगमित अभिशासन में कंपनी के सशक्त प्रदर्शन की पुनः पुष्टि करती है. एनबीसीसी ने इससे पूर्व वर्ष 2023-24 के एमओयू मूल्यांकन में भी 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त की थी. एनबीसीसी को लगातार प्राप्त होने वाली 'उत्कृष्ट' रेटिंग इसके पुनर्विकास, परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी), रियल एस्टेट विकास तथा विदेशी परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में जटिल और वृहद परियोजनाओं की सफल सुपुर्दगी में इसके संगत ट्रैक रिकॉर्ड को दर्शाती हैं. कंपनी ने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, सुरक्षा मानकों के पालन तथा पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार निर्माण कार्य पद्धतियों को अपनाने के माध्यम से उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया.

एनबीसीसी प्रमुख सरकारी पहलों में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, विशेष रूप से सरकारी आवास एवं कार्यालय परिसरों के पुनर्विकास में, जो नियोजित शहरी विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है. हरित भवन मानदंड, संसाधन दक्षता तथा आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर देना एनबीसीसी की परियोजना दृष्टिकोण का केंद्रबिंदु बना हुआ है. यह उपलब्धि एनबीसीसी के कार्यबल की निष्ठा और प्रोफेशनलिज्म को रेखांकित करती है.